प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 05.03.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन मे जनपद के समस्त थानों मे नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओ का किया जा रहा निस्तारण**
- **महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरोंमहिला हेल्प डे ,संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ,स्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा जागरुक**
- **सभी का उद्देश्य जनकल्याण व मानव समाज की सेवा करना शासनसम्मान व ,प्रशासन महिलाओं के सुरक्षा- उनके उत्थान व सशक्तिकरण हेतु है प्रतिबद्ध**
- **समस्त थानों की महिला पुलिस कर्मी व एण्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिरोंकालेजों व प्रमुख मार्गो पर /स्कूलों ,बाजारों , चेकिंग भी की जा रही है।**

उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज -4) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा के समस्त थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो /शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में शुरुआत की गई है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना/ पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु **"शक्ति दीदी"** नियमित रुप से ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया व कराया जा रहा है।

जनचौपाल में उपस्थित महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) फेज़-4 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मे उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,फ्री सिलाई मशीन योजना,सामूहिक विवाह योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 05.03.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

# थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहारों एवं प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद महोबा में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्धेश्य से जनपद में संचालित अवैध जुआ/सट्टा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 04.03.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्वयेक्षण में थाना प्रभारी कुलपहाड़ श्री शेरेआलम द्वारा गठित की गई उ0नि0 दिनेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान ग्राम मुढ़ारी तिराहा इंद्रा गेट वहद ग्राम मुढ़ारी पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.पवन अहिरवार पुत्र मोहनलाल उम्र 24 वर्ष 2.सुरेन्द्र अहिरवार पुत्र दीनदयाल उम्र 18 वर्ष 3.विष्णू अहिरवार पुत्र लच्छू उम्र 25 वर्ष 4.अमर सिंह पुत्र हीरा अहिरवार उम्र 25 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम हरिजनबस्ती मुढ़ारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को रुपये पैसो से हार जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुंआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से मौके से मालफड़ 750 रुपये मय 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी 190 रुपये की बरामदगी की गई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ में मु0अ0सं0 92/2024 धारा 13 जुँआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

## गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों का विवरणः-

1. पवन अहिरवार पुत्र मोहनलाल उम्र 24 वर्ष
2. सुरेन्द्र अहिरवार पुत्र दीनदयाल उम्र 18 वर्ष
3. विष्णू अहिरवार पुत्र लच्छू उम्र 25 वर्ष
4. अमर सिंह पुत्र हीरा अहिरवार उम्र 25 वर्ष

निवासीगण ग्राम हरिजनबस्ती मुढ़ारी थाना कुलपहाड़ महोबा

## अभियुक्तगण से बरामद माल का विवरणः-

मालफड़ 750 रुपये मय 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी 190 रुपये

## गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 दिनेश सिंह
2. का0 विपिन यादव
3. का0 मनोज कुमार



## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहारों एवं प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद महोबा में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्धेश्य से जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.03.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा श्री दुर्ग विजय सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक नफर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया, अभियुक्त के कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा स्पष्ट प्रतिउत्तर न देने पर कडाई से पूछताछ की गई जिसमें अभियुक्त ने बताया कि उसके पास से बरामद मोटरसाइकिल चोरी की है। उक्त मोटरसाइकिल के चोरी हो जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मु0अ0सं0 113/2024 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित थी। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद होने पर अभियुक्त शिव कुमार प्रजापति पुत्र बसन्तलाल प्रजापति उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम बबेड़ी चौकी सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा को मुहल्ला पतीबरा महोबा से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त व आपराधिक विवरणः-

वाँछित मु0अ0सं0-113/2024 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त शिव कुमार प्रजापति पुत्र बसन्तलाल प्रजापति उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम बबेड़ी चौकी सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल,
प्रभारी चौकी सुभाष थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
2.कां0 राहुल अग्निहोत्री



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 05.03.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया। संवेदनशील स्थानों में भ्रमण कर लोगों से वार्ता कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।**

आज दिनांक 05.03.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जनपद महोबा में भयमुक्त माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार सहित जनपदीय पुलिस के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों सहित जवानों के ठहरने हेतु चिन्हित किये गये स्थलों का भौतिक सत्यापन भी किया गया जिसमें सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे कमरे, लाइट, पखें, पानी की व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा जो भी कमियां मिली उन्हें दूर करने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के दौरान स्थानीय लोगो से संवाद स्थापित किया गया जिसमें सभी से वार्ता कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति सहित पूर्व में हुए विवादों की समीक्षा की गयी। इस दौरान स्थानीय लोगो को भयमुक्त माहौल के लिये आश्वस्त किया गया तथा किसी भी अपराध पर सम्बन्धित अपराधी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने का भरोसा दिया गया।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 05.03.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

# “यातायात नियमों का पालन करने की दी प्रेरणा”

## प्रभारी यातायात द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई, सुरक्षा के दृष्टिगत कई वाहनों से उतरवाई काली फिल्म।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 05.03.2024 को जनपद में यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद महोबा के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों में जनपदीय यातायात पुलिस टीम के साथ वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया। यातायात पुलिस टीम ने आमजनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता को बढ़ाने, सड़क सुरक्षा को अपनाने  के लिए बिना हेलमेट वाहन चला रहे - वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। यातायात पुलिस टीम ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में बताया। साथ ही अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय नियम पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कई वाहनों से उतरवाई काली फिल्म।



